

दैनिक

# फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल



वर्ष : ०९ | अंक:५६ | मुंबई, गुरूवार ०३ जुलाई २०२५ | RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 | पृष्ठ-४ | मूल्य २/रू.


## मनपा हुई मालामाल सिर्फ तीन महीने में की 419 करोड़ की कमाई; अभी 1630 करोड़ की वसूली बाकी

**ठाणे :** ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में 419 करोड़



32 लाख रुपए की कर वसूली कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हालांकि कुल निर्धारित लक्ष्य 2050 करोड़ रुपये में से अब भी 1630 करोड़ रुपये की वसूली बाकी है, जिसे अगले नौ महीनों में पूरा करना नगर प्रशासन के लिए एक कठिन चुनौती साबित हो सकती है। बता दें कि संपत्ति कर विभाग ने हमेशा की तरह इस बार भी वसूली में बाजी मारी है। विभाग ने तीन महीनों में 291 करोड़ रुपये वसूलकर सबसे बड़ा योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि मनपा ने इस विभाग के लिए 819 करोड़ 71 लाख रुपये का वार्षिक लक्ष्य रखा है और इसकी पूर्ति के लिए अप्रैल से ही रणनीतिक रूप से काम शुरू कर दिया गया था। करदाताओं को एसएमएस के माध्यम से सूचित किया गया और 10 प्रतिशत की छूट योजना ने समय पर भुगतान को बढ़ावा दिया, जिससे आय में बढ़ोतरी हुई।

## नासिक कुंभ मेला सुरक्षा के लिए 22 हजार पुलिसकर्मी होंगे तैनात, ये है पूरा प्लान

नासिकः त्र्यंबकेश्वर में आगामी 2027 सिंहस्थ कुंभ मेले के लिए करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के कुंभ नगरी में पहुंचने की उम्मीद है। उत्सव काल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को



देखते हुए, किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर है। कुंभ पर्व के लिए नासिक में राज्य भर से 22 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। बाहरी जिलों से आने वाले पुलिसकर्मियों की असुविधा न हो, इसके लिए नासिक पुलिस बल और प्रशासन उनके आवास और भोजन व्यवस्था पर काम कर रहा है। आवास व्यवस्था के लिए सरकारी इमारतों के साथ-साथ, जरूरत पड़ने पर नई बनी आवासीय इमारतों को भी किराए पर लिया जाएगा।

प्रयागराज कुंभ मेले के बाद सभी की निगाहें 2027 में नाशिक और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले कुंभ मेले पर टिकी हैं। इस दौरान प्रत्येक पर्व पर 80 लाख से अधिक श्रद्धालु नाशिक और त्र्यंबकेश्वर में पहुंचेंगे। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय स्तर से भी पर्यटक इस पर्व को देखने आएंगे। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल हर संभव प्रयास कर रहा है।

आगामी कुंभ मेले की पर्व और श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए, 22 हजार पुलिसकर्मी बाहर से बुलाए जाएंगे, जिनमें अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, 3,000 स्थानीय पुलिसकर्मी भी बंदोबस्त में रहेंगे। पर्व के दौरान यह बंदोबस्त घाट परिसर, गोदा तट, साधुग्राम, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गोदा तट की ओर आने वाली प्रमुख सड़कों सहित अन्य स्थानों पर तैनात किया जाएगा। इन पुलिसकर्मियों के रहने की व्यवस्था के लिए नासिक पुलिस पुरानी इमारतों, अन्य इमारतों और मंगल कार्यालयों को किराए पर लेगी। नासिक पुलिस आयुक्तालय की पुरानी बैरक, पुराने पुलिस क्वार्टर, महाराष्ट्र पुलिस अकादमी की कुछ इमारतें, महाराष्ट्र आरोग्य विज्ञान विद्यापीठ की आवासीय इमारतें, यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विद्यापीठ की इमारतें, पांजरपोल की कुछ इमारतें और मनपा की आवासीय इमारतों के साथ-साथ शहर के मंगल कार्यालयों को बाहरी पुलिसकर्मियों के आवास के लिए आरक्षित किया जाएगा। नासिक के लगभग 70 मंगल कार्यालयों को इस कार्य के लिए चिन्हित किया गया है, और इस संबंध में मंगल कार्यालय मालिकों और प्रबंधकों के साथ बैठक बुलाई गई है। जरूरत पड़ने पर, उस अवधि में तैयार होने वाली नई आवासीय इमारतों, जिनका कब्जा दिया जाना है, उन्हें भी किराए पर लिया जाएगा।

# क्या पंढरपूर वारी में घुस आए नक्सली?

## विधायक कायंदे का खलबलीखेज आरोप



■ सईद शेख

पंढरपूर । महाराष्ट्र का सबसे बड़ा आध्यात्मिक उत्सव माने जाने वाली आषाढ़ी वारी इस समय उत्साह के साथ जारी है। लाखों वारकरी टाळ-मृदुंग की ताल पर 'जय हरी विठ्ठल' के जयघोष के साथ पंढरपूर की ओर पैदल यात्रा कर रहे हैं। यह परंपरा पिछले 800 वर्षों से निर्विघ्न रूप से चलती आ रही है। इस वर्ष यह भव्य सोहळा 6 जुलाई 2025 को आषाढी एकादशी के दिन संपन्न होगा। इस बीच पंढरपूर वारी को लेकर एक गंभीर और खलबली मचाने वाला आरोप सामने आया है। विधान परिषद की सदस्य और शिवसेना (शिंदे गुट) की प्रवक्ता मनिषा कायंदे ने वारी में 'अर्बन नक्सल' तत्वों की घुसपैठ का मुद्दा विधान परिषद में उठाया है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र वारी अब कुछ ऐसे लोगों के निशाने पर है जो न तो भगवान में विश्वास रखते हैं, न धर्म में। मनिषा कायंदे ने कहा कि संविधान दिंडी, पर्यावरण दिंडी, लोकायत आदि नामों से कुछ संगठन वारी में शामिल हो रहे हैं, जो पथनाट्य के माध्यम से वारी का कथित तौर पर अपमान कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि ये लोग हिंदू धर्म से नहीं जुड़े हैं और इनके पहनावे से ही यह स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि हडपसर, दिवेघाट मार्ग से ये संगठन सासवड पहुंचते हैं और इनका वारी का एक अलग रूट है। इनकी पहचान के लिए क्यूआर कोड जारी किए गए हैं, जिनमें से कई नाम कथित रूप से ब्लैकलिस्टेड हैं।

कायंदे ने इसे 'हिंदू धर्म को बदनाम करने की साजिश' करार दिया। उन्होंने कहा कि जब हजारों महिलाएं तुळसी के पौधे सिर पर रखकर निष्ठा से चलते हुए दिखाई देती हैं, उसी वारी में कुछ लोग संविधान की किताब सिर पर लेकर चलते नजर आ रहे हैं। यह अपमानजनक है। उन्होंने सवाल किया कि क्या अप्रैल में जो लोग संविधान के नाम पर फेक नैरेटिव फैला रहे थे, वही लोग अब वारी का हिस्सा बने हैं? मनिषा कायंदे ने मुख्यमंत्री से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है और जानकारी दी कि कुछ वारकरी संघटनाओं ने इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसकी गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ लोग जो अभी ज़मानत पर बाहर हैं, वे भी वारी में घुस आए हैं और गोंदिया, चंद्रपुर जैसे जिलों से इनकी भागीदारी देखी जा रही है। कायंदे ने अंत में स्पष्ट कहा, '6 तारीख को आषाढ़ी एकादशी है। यह एक पवित्र परंपरा है, इसका कोई गलत फायदा न उठाए। यदि कोई ऐसा कर रहा है तो उस पर तुरंत कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।'

## कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड का दावा, 'बहुत जल्द प्राइम मिनिस्टर भी बदले जाएंगे'

**मुंबईः** कांग्रेस की अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने पीएम मोदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। जब मीडिया ने उनसे पूछा कि सियासी गलियारों में ये चर्चा है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच में बेहतर नेता विपक्ष होने की होड़ चल रही है। ये बयान कही ओर से नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन नेताओं द्वारा किये जा रहे है। इस सवाल का जवाब देते हुए सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि दिल्ली के कौन से गलियारे में ये चर्चा चल रही है, ये बताएं? मुझे तो महाराष्ट्र के गलियारे में होने वाली कई चर्चाओं का पता है। मुझे तो दिल्ली के गलियारे से ये भी चर्चा आ रही है कि प्राइम मिनिस्टर भी बदले जाएंगे।



**BMC चुनाव को लेकर हो रहे गठबंधनः** BMC चुनाव और गठबंधन से जुड़े सवाल पर वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि जब भी कोई अलायंस होता है तो इसकी एक प्रक्रिया होती है। गठबंधन करने के लिए हम पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करते हैं। लेकिन हमने जब लोकसभा और विधानसभा में गठबंधन किया था तो हमारी इच्छा थी कि हमें ज्यादा सीटें मिलनी चाहिए थीं। ये बात हमने शीर्ष नेतृत्व के सामने भी रखा था। आने वाले दिनों में नगर निगम के चुनावों पर चर्चा होगी। उसी में फैसला होगा।

**मुंबईकर के टैक्स का पैसा ठेकेदारों को मिल रहा**

जब मीडिया ने उनसे पूछा, क्या विपरीत परिस्थिति में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने में सक्षम है, इस सवाल के जवाब में सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा, कांग्रेस 130 साल पुरानी पार्टी है। मुंबई महानगर पालिका में एक वक्त में हम अच्छी संख्या में रह चुके हैं। मुंबई में एनसीपी के साथ हमारे छह सांसद थे। जब मैं पहली बार विधायक बनी थी तो 20-22 एमएलए थे। मुंबई में कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व है। कांग्रेस पार्टी मजबूत है। हम मुंबईकर की आवाज बनकर यहां पर आए हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि मुंबईकर के टैक्स का पैसा ठेकेदारों को देने का काम हो रहा है। ये मुंबईकर की जमीन है। सफाई कर्मचारियों की जमीन है और वो उनको मिलनी चाहिए।

## 100 पेड़ों की अवैध कटाई के लिए एनआरआई कोस्टल पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज

नवी मुंबई : नेरुल के सेक्टर 52ए में मैंग्रोव बफर जोन में लगभग 100 पेड़ों की अवैध कटाई के लिए नवी मुंबई के एनआरआई कोस्टल पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज की गई है। साइट निरीक्षण और पर्यावरण आकलन के बाद बेलापुर के ग्राम राजस्व अधिकारी नीलेश शांताराम कांबले ने शिकायत दर्ज की थी। जिस जमीन पर कथित तौर पर पेड़ काटे गए थे, प्लॉट नंबर 3, 6 और 7 को 5 मार्च, 2025 को सिडको द्वारा आधिकारिक रूप से आवंटित किया गया था।



हालांकि, सिडको, नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी), वन विभाग और समुद्री बोर्ड के अधिकारियों द्वारा 12 मार्च को एक संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इंधाली, बोर, इलायची, इमली, सुबाहुल और मेशावक सहित पेड़ों को जेसीबी मशीनों का उपयोग करके उखाड़ दिया गया था। इससे पहले 10 मार्च को एनएमएमसी अधिकारियों ने उस स्थान से दो जेसीबी (एमएच 43 सीजी 7926 और एमएच 48 वीएच 0932) जब्त की थीं और उन्हें चलाने वालों पर जुर्माना लगाया था।

## शिवसेना विवादः उद्धव गुट ने सिंबल विवाद पर SC से जल्द सुनवाई की मांग की

## शिवसेना के चुनाव चिन्ह पर फिर आमने-सामने उद्धव और एकनाथ शिंदे गुट




नई दिल्लीः शिवसेना के चुनाव चिन्ह को लेकर उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट एक बार आमने-सामने दिख रहे हैं. उद्धव ठाकरे गुट ने स्थानीय चुनावों का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जल्द सुनवाई की मांग की है. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई की मांग ठुकराई दी है. कोर्ट ने कहा है कि वो इस मामले की सुनवाई 14 जुलाई को ही करेगा.

उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि स्थानीय चुनाव अगले सप्ताह कभी भी घोषित किए जा सकते हैं. हम कुछ अंतरिम निर्देश चाहते हैं, जैसे ण्ङ मामले में जारी किए गए थे. उन्हें सिंबल दे दिया गया है. इस मामले की सुनवाई अब अगले हफ्ते होगी. ये मामला बीते दो साल से लंबित था.

इस मामले को लेकर एकनाथ शिंदे गुट के वकील ने इसका विरोध किया है.दो चुनाव हो चुके हैं.जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष भी ये मामला आया था, जिस पर कोई आदेश नहीं दिया गया . ये मामला 16 जुलाई के लिए लिस्टेड है. जस्टिस एम.एम. सुंदरेश ने कहा कि मामले को 14 जुलाई को सुना जाएगा. अगर यह लंबित है, तो कोई समस्या नहीं है.कोई अधिकार नहीं जाएगा. इतनी जल्दी क्या है?


SHABBIR MEMON (DIRECTOR) 9892488825. TEL: 022 6780894

MEMON REALTORS

Builder & Devloper PVT. LTD.

Shop No. 1 to 5, Bldg,. No . 2 Next Ahuja Bulding R.M. Road, Oshiwara, Jogeshwari(W), Mumbai - 400 102. memonshabbir24@gmail.com

# कर्नाक ब्रिज जनता के लिए खोलने में देरी को लेकर मनसे - शिवसेना (उद्धव गुट) आक्रामक मोड पर

## भारी पुलिस बल तैनात





दक्षिण मुंबई में नवनिर्मित लेकिन अभी तक यातायात के लिए खोले नहीं गए कार्नेक ब्रिज पर भारी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है। कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने आज विधानसभा सत्र में पुल को यातायात के लिए खोलने में अनावश्यक देरी का मुद्दा उठाया। दक्षिण मुंबई में नवनिर्मित लेकिन अभी तक यातायात के लिए खोले नहीं गए कार्नेक ब्रिज पर भारी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है।

कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने आज विधानसभा सत्र में पुल को यातायात के लिए खोलने में हो रही अनावश्यक देरी का मुद्दा उठाया। फ्री प्रेस जर्नल ने 1 जुलाई को रिपोर्ट दी थी कि पुल बनकर तैयार है, लेकिन बीएमसी प्रशासन को सिर्फ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की औपचारिक मंजूरी का इंतजार है।

पी डी'मेलो रोड पर मौजूद पुलिस ने एफपीजे को बताया कि शिवसेना यूबीटी और एमएनएस ने कार्नेक ब्रिज के खुलने में देरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। सहायक पुलिस आयुक्त ने भी पुल का दौरा किया - पी' डी'मेलो रोड से मस्जिद बंदर तक पुलिस बंदोबस्त और जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए।

ब्रिटिश काल के इस पुल का पुनर्निर्माण शुरू होने के बाद से ही नागरिक कई वर्षों से लंबा चक्कर लगा रहे हैं, क्योंकि ऑडिट में पाया गया कि यह संरचनात्मक रूप से कमजोर है। बीएमसी ने 10 जून को पुनर्निर्माण पूरा कर लिया, 15 जून को सभी लोड परीक्षण पूरे हो गए और 24 जून को रेलवे से मंजूरी मिल गई। हालांकि, क्या बीएमसी किसी वीआईपी उद्घाटन का इंतजार कर रही है?, नागरिक सवाल करते हैं।

## संपादकीय

### बिग ब्यूटीफुल बिल बना ट्रंप के लिए जी का जंजाल ?



एम.एस.शेख
संपादक

डोनाल्ड ट्रंप का प्रस्तावित बिग ब्यूटीफुल बिल से अमेरिकी संसद में तूफान खड़ा हो रहा है। इसे ट्रंप प्रशासन की दूसरी पारी का ब्लूप्रिंट माना जा रहा है। जो उनके चुनावी वादों को पूरा करने के रूप में देखा जा रहा है। इस बिल के पीछे की सच्चाई और इसके संभावित परिणामों को लेकर अमेरिका तथा भारत जैसे देशों के लिए इस बिल के परिणाम बड़े घातक हो सकते हैं।


इस बिल का मुख्य उद्देश्य टैक्स कटौती, सीमा सुरक्षा, और सामाजिक योजनाओं में बदलाव के ज्यादा अधिकार राष्ट्रपति को देता है। इसमें सरकार द्वारा 2017 के टैक्स कट्स को स्थायी करने, व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स दरों में कमी करने ओवरटाइम व टिप्स पर टैक्स छूट जैसे प्रावधान शमिल हैं। इस बिल में बॉर्डर, अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन के लिए 4.5 ट्रिलियन डॉलर का भारी-भरकम खर्च प्रस्तावित है। दूसरी ओर सरकार मेडिकेड और खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाओं में कटौती कर सकती है। जिसके कारण गरीब और मध्यम वर्ग को भारी नुकसान होना तय है। भारत एवं भारतीयों के लिए सबसे चिंताजनक विदेशी धन-प्रेषण पर 3.5 से 5इ टेक्स भारतीय-अमेरिकी समुदाय को सीधे प्रभावित करेगा। भारत को भेजे जाने वाले धन पर यह टैक्स भारतीय रुपये को और भी कमजोर कर सकता है। जिसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बिल उनके धनाढ्य समर्थकों और पूंजीपतियों के लिए को फायदा पहुंचाने का बिल माना जा रहा है। भारत में जिस तरह से इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से राजनैतिक दलों के लिये बिल लाया गया था, इस बिल के माध्यम से मोदी सरकार को सबसे ज्यादा चंदा मिला। चंदे के आधार पर ठेके दिये गए। बिग ब्यूटी बिल के माध्यम से ट्रम्प को जो अधिकार मिलेंगे, उससे वह चंदा और परिवार के निजी कारोबार को बढ़ाने के लिये उपयोग करेंगे। यह आशंका अमेरिका में व्यक्त की जा रही है। डेमोक्रेट्स इसे अमीरों का बिल बता रहे हैं। वहीं रिपब्लिकन भी अमेरिका के ऊपर बढ़ते कर्ज जो 2.4 से 4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, उसको लेकर चिंतित हैं। अमेरिकी सांसद बर्नी सैंडर्स ने इस बिल को भ्रष्ट वित्त प्रणाली का प्रतीक बताया है। उनका कहना है राष्ट्रपति ट्रंप अपने अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए इस बिल को पास कराने जा रहे है। राष्ट्रपति और ट्रंप के पूर्व सहयोगी एलन मस्क ने भी इसका विरोध किया है। इस विरोध के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच तकरार बढ़ी है। एलन मस्क ने धमकी दी है, वह अमेरिका मैं तीसरी पार्टी बनाएंगे। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप ने एलन मस्क को अमेरिका से बाहर निकालने तक की बात कह दी है। भारत के लिए यह बिल बिग एंड बैड साबित हो सकता है। भारत सरकार की खामोशी हैरान करने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस बिल के बारे में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।




## 'भागो भूत आया!' छत्री तालाब में 'भूत' की मारपीट चर्चा ने सोशल मीडिया पर मचाया तूफान

### भूत की छाया और युवक के जख्मी फोटो वायरल; पुलिस भी 'मार खाए' युवक की तलाश में, अब तक न शिकायत, न पहचान

**अमरावती।** छत्री तालाब परिसर में एक युवक को भूत द्वारा पीटे जाने की सनसनीखेज चर्चा ने आज पूरे शहर का ध्यान खींचा। सोशल मीडिया पर सुबह से वायरल हो रही एक तस्वीर और कथित वीडियो ने अफवाहों का ऐसा तांडव खड़ा किया कि दिनभर 'भूत आया', 'भूत दिखा' जैसे संदेशों की बाढ़ आ गई। दावा किया जा रहा है कि एक युवक पर भूत ने हमला किया, और फोटो में भूत की 'छाया' भी दिख रही है। मगर, हकीकत क्या है - यह कोई नहीं जानता। पुलिस के पास अब तक न कोई शिकायत आई, न ही जिस युवक का फोटो वायरल हुआ है उसकी पहचान हो पाई है। खुद पुलिस भी कह रही है - हम भी उस युवक का इंतजार कर रहे हैं! राजापेठ पुलिस थाने के अनुसार, 'यह खबर फिलहाल सोशल मीडिया तक ही सीमित है। हमारे पास किसी भी युवक ने मारपीट की शिकायत नहीं की है। फोटो-वीडियो के जरिए सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाया जा रहा है। हमने संबंधित इलाके में जांच शुरू की है, लेकिन अब तक कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, तीन युवक छत्री तालाब परिसर में बर्थडे पार्टी के लिए जमा हुए थे। उन्होंने शराब पी, और उसी दौरान आपस में झगड़ा हो गया। यह भी संभावना जताई जा रही है कि उन्हीं में से किसी के साथ हुई मारपीट को 'भूत' द्वारा हमला कहकर प्रचारित किया जा रहा है। लेकिन इस पहलू की भी पुष्टि नहीं हो सकी है।





#### शहर में फैली दहशत और अफवाहों की बाढ़

'कोई कह रहा था भूत छत्री तालाब में था, कोई कह रहा था गड़गड़ेश्वर में दिखाष्ठ' - पूरे दिन लोगों के बीच चर्चाओं का दौर चलता रहा। जितने मुंह, उतनी बातें - लेकिन किसी के पास ठोस जानकारी नहीं। कुछ लोग इस पूरे घटनाक्रम को पब्लिसिटी स्टंट भी बता रहे हैं। भूत की 'छाया' बताकर फोटो वायरल करना, वीडियो क्लिप भेजना - इन सबका उद्देश्य केवल ध्यान खींचना हो सकता है।

#### पुलिस की अपील - अफवाहों से बचें

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि जब तक कोई स्पष्ट और प्रमाणित जानकारी सामने न आए, तब तक सोशल मीडिया पर फैल रही इस तरह की बातों पर विश्वास न करें और खुद भी इन्हें आगे न बढ़ाएं।

## हादसा या हत्या? बडनेरा के योगीधाम नाले से बरामद हुई अधेड़ की लाश, पुलिस के लिए पहेली

**अमरावती।** बडनेरा परिसर के योगीधाम लेआउट में मंगलवार सुबह एक 55 वर्षीय व्यक्ति की लाश नाले में पड़ी मिली। मृतक की पहचान उसी परिसर में रहनेवाले राजू उर्फ राजेश वानखडे के रूप में हुई है। इस घटना के बाद परिसर में हड़कंप मच गया है। शहरवासियों ने सुबह नाले में लाश देखी और तुरंत पुलिस को सूचित किया। बडनेरा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला सामान्य रुग्णालय भेजा। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, राजू वानखडे परिसर में अक्सर घूमते दिखाई देते थे। उनकी लाश किस परिस्थिति में नाले में पहुंची - यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। फिलहाल पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच वरिष्ठ निरीक्षक सुनील व्हाण के मार्गदर्शन में शुरू है। इलाके में शोक आणि सन्नाटा पसरला आहे. रहस्यमय हालात में मिली यह लाश कई सवाल खड़े कर रही है और नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है।








## अमरावती के मांजरखेड में ज़मीन घोटाला, फर्जी आधार से मृतक बना प्लॉट मालिक

**अमरावती ।** राजुरा प्रगणे मांजरखेड गांव में एक मृतक व्यक्ति के नाम पर झूठा आधार कार्ड बनाकर ज़मीन बेचने की सनसनीखेज साजिश सामने आई है। फ्रेजरपुरा थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने जाली दस्तावेज़ों के ज़रिये प्लॉट की धोखाधड़ी कर एक निर्दोष महिला को नुकसान पहुंचाया। शिकायत अकोला निवासी महिला द्वारा दर्ज कराई गई है, जिसमें उसने बताया कि उसके पिता रामचंद्र दौलतराव देशमुख ने दिनांक 30 दिसंबर 1987 को मांजरखेड स्थित सर्वे नंबर 41 व 42 के प्लॉट नं. 256 (1720 चौ.फी.) को चंद्रा इंटरप्राइजेस के माध्यम से मोरबाग निवासी मनोज भागवत गुप्ता से खरीदा था। उनके पिता का निधन 30 अगस्त 2008 को हो गया था। लेकिन इसके बाद 1 अगस्त से 30 सितंबर 2019 के बीच आरोपी आशीष सदाशिवराव ढोले ने एक अज्ञात व्यक्ति को रामचंद्र देशमुख के रूप में खड़ा कर यह प्लॉट नाना गणपत खडगे को बेच डाला। इस सौदे में मृत व्यक्ति का फर्जी आधारकार्ड तैयार किया गया और सौदे के समय महादेव विठ्ठल नागतोडे (48), पवन ओमप्रकाश तिवारी (45), प्रकाश यादवराव मुंद्रे (52), विशाल बानु मकेश्वर (29) समेत अन्य ने कथित तौर पर आशीष ढोले को इस फर्जीवाड़े में मदद की। फ्रेजरपुरा पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 419 (व्यक्तित्व की धोखाधड़ी), 420 (धोखाधड़ी), 465 से 468 (जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेज़ का उपयोग) व 34 (सामूहिक आपराधिक कृत्य) के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की है।



## सारा के गॉर्जियस लुक से नजरें नहीं हट रही फैंस की



हाल ही में, अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान बालीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान हल्के ब्रॉन्ज शेड की बलून मिनी ड्रेस में नजर आईं। उनके इस गॉर्जियस लुक से फैंस की नजरें नहीं हट रही थीं। यह ड्रेस उनकी पर्सनैलिटी और कंफर्ट का बेहतरीन मेल थी। हाई नेकलाइन और फ्लेयर्ड सिल्हूट वाली इस ड्रेस को बेहद खूबसूरती से डिज़ाइन किया गया था। फेदर डिटेलिंग ने इसे और भी खास बना दिया। बता दें कि यह कलर इन दिनों काफी ट्रेंडी है इस डिजाइन के ड्रेस आपको भी हर इवेंट में स्पेशल अटेंशन दे सकती हैं। सारा की इस ड्रेस का सबसे आकर्षक हिस्सा उसकी फेदर एम्ब्रॉयडरी थी, जो इसे एक ग्लैमरस लुक दे रही थी। ड्रेस का बैक डिजाइन भी बेहद यूनिक था, जिसमें एक लंबा बो डिटेल दिया गया था, जो पूरे लुक को एलिगेंस का टच देता है। शॉर्ट हेमलाइन ने इसे परफेक्ट पार्टी और रेड कार्पेट आउटफिट बना दिया। सारा ने इस ड्रेस के साथ अपने लुक को बैलेंस करने के लिए मिनिमल मेकअप चुना। नैचुरल टोन्स, लाइट ब्लश और न्यूड लिपस्टिक ने उनके पूरे लुक को फ्रेश और आकर्षक बनाया। बालों को उन्होंने स्लीक पोनीटेल में बांध रखा था, जो ड्रेस के स्टाइल को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट कर रहा था। सारा अली खान का यह लुक से आप यह आइडिया ले सकती हैं कि किस तरह सिंपल डिटेलिंग और सही स्टाइलिंग से आप किसी भी आउटफिट को खास बना सकती हैं। मिनिमल एक्सेसरीज़ और सही हेयर व मेकअप का सेलेक्शन किसी भी पार्टी या इवेंट के लिए आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। इस तरह कॉलेज इवेंट हो या ऑफिस, सारा का यह स्टाइल हर फैशन प्रेमी के लिए इंस्पिरेशन है। सारा अली खान का यह फैशन स्टेटमेंट न केवल उनके स्टाइल को शो करता है, बल्कि यह बताता है कि कैसे आप एलिगेंस और ग्लैमर का बेहतरीन तालमेल कर सकते हैं। उनकी यह ड्रेस ट्रेंडी और क्लासी का परफेक्ट उदाहरण है, जिसे हर फैशन लवर अपनी वॉर्डरोब में शामिल करना चाहेगा।

## कप्तान शुभमन गिल ने ठोका शतक, भारत का स्कोर 290 के पार

: भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच बुधवार (2 जुलाई) से बर्मिंघम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत ने दूसरे टेस्ट में आकाशदीप, नीतीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को प्लेइंग इलेवन में रखा है। पिछले मैच का हिस्सा रहे साई सुदर्शन, जसप्रीत बुमराह और शार्दुल ठाकुर दूसरा टेस्ट नहीं खेल रहे हैं। इंग्लैंड की टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में 5 विकेट से जीत दर्ज की थी और सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। भारत को नौवें ओवर में पहला झटका लगा। केएल राहुल 26 गेंद में दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। क्रिस वोक्स ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। करुण नायर 50 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए हैं। वह 107 गेंद में 87 रन बनाकर आउट हुए। ऋषभ पंत 42 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश कुमार रेड्डी 6 गेंद में एक रन ही बना सके। रविंद्र जडेजा और शुभमन गिल क्रीज पर मौजूद हैं।



# 'यह महाराष्ट्र है!'

## राजन विचारे की हुंकार से झुके परप्रांतीय, शिवसेना कार्यालय में पकड़े कान, मांगी माफी





**ठाणे।** दो दिन पहले ठाणे रेलवे स्टेशन परिसर में एक मराठी युवक को परप्रांतीय युवकों द्वारा अमानुष रूप से पीटे जाने की घटना सामने आई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे राज्यभर में तीव्र रोष व्यक्त किया गया। अब इस प्रकरण में एक बड़ी अपडेट सामने आई है। मारपीट करने वाले परप्रांतीय युवकों ने सार्वजनिक रूप से मराठी युवक के चरण स्पर्श कर माफी मांगी है। घटना के अनुसार, लोकमान्यनगर क्षेत्र में रहने वाला एक मराठी युवक प्रतिदिन ठाणे स्टेशन से यात्रा करता है। घटना वाले दिन उसका मोबाइल रिचार्ज खत्म हो गया था, जिस कारण वह स्टेशन परिसर की एक मोबाइल शॉप पर रिचार्ज करवाने गया था। इसी दौरान मोबाइल रिचार्ज को लेकर उसकी कुछ परप्रांतीय युवकों से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। तीन से चार परप्रांतीयों ने मिलकर युवक को बेरहमी से पीटा। इस मारपीट का वीडियो वायरल होते ही ठाणे समेत महाराष्ट्रभर में जनभावनाएं आहत हुईं।



घटना के सामने आते ही शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) पार्टी के वरिष्ठ नेता और ठाणे के पूर्व सांसद राजन विचारे सक्रिय हुए। उन्होंने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए संबंधित परप्रांतीय युवकों को शिवसेना कार्यालय में बुलाया। शिवसैनिकों की मौजूदगी में मारपीट के आरोपी शन्मुख पुजारी और सूरज जायसवाल ने सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर माफी मांगी और पीड़ित मराठी युवक के चरण स्पर्श कर क्षमा याचना की। इस मौके पर राजन विचारे ने चेतावनी देते हुए कहा, 'पांच-छह लोग मिलकर एक मराठी युवक को पीटते हो और तुम्हें लगता है यह सब यूं ही चलेगा? यह महाराष्ट्र है, यहाँ मराठी मानुस के साथ अन्याय नहीं सहेगा। जरूरत पड़ी तो चुनावी मैदान से भी जवाब देंगे।' वहीं पीड़ित युवक ने भी अपनी बात रखी और बताया कि वह रोजाना नौकरी पर जाते समय स्टेशन से गुजरता है। घटना के दिन वह केवल रिचार्ज करवाने गया था, लेकिन मामूली कहासुनी को लेकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया गया।

फिलहाल, सामाजिक और राजनीतिक दबाव के चलते आरोपियों ने माफी मांग ली है, लेकिन यह घटना यह सवाल जरूर खड़ा करती है कि महाराष्ट्र में मराठी युवकों की सुरक्षा आखिर कब सुनिश्चित होगी?

## निर्दयी पिता पर पांच वर्षीय बेटी को सिगरेट से जलाने का मामला दर्ज

**मुंबई :** मानखुर्द पुलिस ने एक 'निर्दयी' पिता राजेशराम उर्फ भगवान के खिलाफ अपनी पांच वर्षीय बेटी को सिगरेट से जलाने का मामला दर्ज किया है। कथित दुर्व्यवहार का एक वीडियो सामने आने के बाद यह चौंकाने वाली घटना सामने आई। पिता पर आरोप है कि उसने अपनी बेटी को इसलिए पीटा और सिगरेट से जलाया क्योंकि वह सो नहीं रही थी। एफआईआर के अनुसार, शिकायत पशु प्रेमी अब्दुल हकीम कय्यूम शेख, 45, ने दर्ज कराई है, जो मानखुर्द के कर्बला चॉल में रहते हैं। 30 जून को दोपहर 2:45 बजे, जब वह देवनार कॉलोनी में स्कूल से बच्चों को लेने जा रहे थे, तो उनकी पत्नी ने उन्हें एक वीडियो भेजा। वीडियो में, उन्होंने राजेशराम उर्फ भगवान को अपनी 5 वर्षीय बेटी के पैर बांधकर पीटते हुए देखा। शेख फिर मानखुर्द पुलिस स्टेशन गए, वीडियो दिखाया और पुलिस से मदद मांगी। जब पुलिस राजेशराम के घर गई और उसके दोनों बच्चों से पूछताछ की, तो बेटी ने बताया कि उसका पिता उसे पीटता था और सिगरेट से उसके गालों को जलाता था, क्योंकि वह जल्दी सो नहीं पाती थी। पुलिस ने लड़की को मेडिकल जांच और इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। पिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) अधिनियम और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## कल्याण-पूर्व से पश्चिम जाना मुश्किल; नागरिकों का आरोप, टैक्स देके फंसे ट्रैफिक में

**कल्याणः** एक समय था जब कल्याण-पूर्व से पश्चिम जाना कुछ ही मिनटों का काम हुआ करता था, लेकिन अब यही रास्ता नागरिकों के लिए रोज की सजा बन गया है। मेट्रो कार्य शुरू होने से सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है और ऊपर से अवैध पार्किंग, रिक्शा चालकों की मनमानी और मनपा की ढिलाई ने मिलकर इस संकट को और भी गहरा बना दिया है। दो मिनट का सफर अब आधे घंटे से भी ज्यादा समय ले रहा है। मेट्रो मॉल के बाहर अवैध रूप से खड़ी गाड़ियां, बिना किसी डर के खड़े किए गए रिक्शे और सड़कों पर बने अवैध ठेले नागरिकों के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। बाहर जाने वाले लोग अपनी गाड़ियां सड़कों पर ही छोड़ देते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और भी भयावह हो जाता है। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि नागरिक अब सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल कर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।



## स्कूल बस की प्रस्तावित राज्यव्यापी हड़ताल स्थगित

**मुंबई :** स्कूल बस मालिकों के संघ ने कई राज्य स्तरीय यात्री बस संघों के साथ मिलकर 2 जुलाई से शुरू होने वाली अपनी प्रस्तावित राज्यव्यापी हड़ताल को स्थगित करने का फैसला किया है। हालांकि, परिवहन मंत्री की अपील के बावजूद, माल परिवहनकर्ताओं का एक वर्ग अपने विरोध प्रदर्शन को जारी रखने के अपने फैसले पर अड़ा हुआ है। स्कूल बस मालिकों के संघ के अध्यक्ष अनिल गर्ग ने मंगलवार को स्कूल बस हड़ताल को स्थगित करने के फैसले की घोषणा की। यह कदम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री द्वारा परिवहन संघों द्वारा यातायात अधिकारियों द्वारा 'निराधार और जबरन लगाए गए ई-चालान' के रूप में वर्णित शिकायतों को दूर करने के लिए औपचारिक आश्वासन के बाद उठाया गया है। संघ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर चर्चा शुरू करने के लिए हमारी समिति के सदस्यों को एक औपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया है। हमें एक रचनात्मक बातचीत की उम्मीद है।' मुख्यमंत्री कार्यालय से लिखित संचार प्राप्त होने के बाद एक आंतरिक बैठक के बाद हड़ताल को वापस लेने का निर्णय लिया गया।



## उद्धव-राज ठाकरे के साथ आने पर नारायण राणे बोले- उनकी कोई ताकत नहीं, हमारे पास...

**मुंबईः** उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के गठबंधन पर बहोत जल्द मुहर लगने वाली है। दोनों ठाकरे बंधुओं के साथ आने की चर्चा पर बीजेपी में बेचैनी है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि दो भाई साथ में आ रहे हैं तो बीजेपी को तकलीफ



क्यों हो रही है। इस पर जब मीडिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे से सवाल किया तो नारायण राणे ने जवाब में कहा कि हम लोगों को तकलीफ कुछ नहीं है। दो भाई नहीं, सब और भाई को साथ में ले आएं। हम लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पहले तो साथ ही थे। बीजेपी, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ये तीनों पार्टी के पास आज 235 विधायक हैं। कोई चिंता नहीं है।

**राज ठाकरे का ये निजी फैसला है**

नारायण राणे ने आगे कहा, ये राज ठाकरे का सवाल है। उन्हें शिवसेना के साथ जाना है या नहीं। साथ जाना सही है या नहीं, ये पहचानना उनकी जिम्मेदारी है, हमारी थोड़ी है।

उद्धव ठाकरे की कोई ताकत नहीं

मराठी भाषा विवाद को लेकर उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, राजनीति के लिए कुछ तो वजह चाहिए। उनको कुछ मिलता नहीं है। किसान हों या कामगार हों, महाराष्ट्र की जनता का वो प्रश्न उठा नहीं सकते। उनकी ताकत नहीं है। मुख्यमंत्री थे तब भी कुछ किया नहीं। ढाई साल में दो दिन मंत्रालय आए। उनका काम कुछ भी नहीं था और आज भी नहीं है। आज भी दूसरे लोग मराठी का मुद्दा उठा रहे हैं ये उसमें श्रेय लेने के लिए ज्वाइन होना चाहते हैं। श्रेय इनको मिलने वाला नहीं है।

**मराठी युवाओं के लिए उद्धव ठाकरे ने क्या किया?**

नारायण राणे ने आगे कहा, 'उद्धव ठाकरे मराठी-मराठी क्यों करते हैं? उनसे पूछा जाए कि उन्होंने कितने मराठी युवाओं को नौकरी दी है। क्या कोई पॉलिसी लेकर आए, नहीं। सोनिया गांधी और शरद पवार के साथ चले गए। तब उनको मराठी की याद नहीं आई। उद्धव ठाकरे कभी भी एक जगह खड़े नहीं रहते।

## महायुति के तीन साल भ्रष्टाचार की हर हफ्ते पोल खोलेगी मुंबई कांग्रेस




**मुंबईः** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार के शासनकाल में बीते तीन वर्षों में मुंबई में मनपा और एसआरए में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं। ऐसा आरोप मुंबई कांग्रेस की ओर से लगाया गया है। मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष व सांसद वर्षा गायकवाड़ ने बुधवार को पार्टी के मुंबई प्रदेश कार्यालय राजीव गांधी भवन में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में महायुति के शासनकाल में मुंबई में बीते तीन वर्षों में मनपा और एसआरए में हुए घोटालों की पोल खोल करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब पोलखोल का साप्ताहिक अभियान चलाएगी और बुधवार से अगले 4 महीनों तक हर सप्ताह एक घोटाले की पोल खोलेगी।

राज्य में बीते करीब 3 वर्षों से महायुति की सरकार है और लगभग साढ़े तीन वर्षों से मुंबई महानगरपालिका (मनपा) के चुनाव भी नहीं हुए हैं। इस दौरान मनपा का प्रशासन का कामकाज राज्य सरकार के अंतर्गत प्रशासक के रूप में मनपा आयुक्त संचालित कर रहे हैं। सांसद गायकवाड़ ने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। टेंडर जारी करना और कमीशन वसूलना यही एकमात्र धंधा सरकार में चल रहा है।

सांसद गायकवाड़ ने कहा कि मुंबई में कई कामों में भ्रष्टाचार हुआ है। बुधवार को मनपा और एसआरए की मिली भगत से हुए घोटाले की पोल खोलते हुए उन्होंने मांग की कि अंधेरी (गांव) स्थित सीटीएस क्रमांक 207 पर चल रहे निर्माण कार्य को तुरंत रोका जाना चाहिए और स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। इसी तरह से जुहू लेन / बर्फीवाला रोड के पास 4497.10 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले महत्वपूर्ण भूखंड के लेन-देन में 1200 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप उन्होंने लगाया। वर्षा ने आरोप लगाया कि एसआरए और बीएमसी के अधिकारी और सत्ताधारी दलों के नेता मिलकर मुंबई को लूट रहे हैं। गरीब बस्तियों के लोगों के साथ अन्याय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह हम एसआरए में बैठक के लिए गए थे लेकिन सीईओ महेंद्र कल्याणकर सत्ताधारी नेताओं के साथ बैठे थे। उनके पास गरीब लोगों के लिए समय नहीं है। मैंने मुंबई मनपा के आयुक्त, शहरी विकास विभाग और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अंधेरी (गांव) में सीटीएस क्रमांक 207 पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोकने और स्वतंत्र जांच की मांग की है।

## मानसून के बाद कोस्टल रोड के वर्सोवा से दहिसर कॉरिडोर के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण

**मुंबई :** बीएमसी को उम्मीद है कि मानसून के बाद कोस्टल रोड के वर्सोवा से दहिसर कॉरिडोर पर काम शुरू हो जाएगा और सरकार ने बीएमसी से कहा है कि वह संबंधित अधिकारियों से जल्द ही इस परियोजना के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण करे। इनमें से एक भूमि खंड वर्सोवा के आराम नगर में म्हाडा का लेआउट है। हालांकि, बीएमसी और म्हाडा ने अभी तक किरायेदारों के पुनर्वास को अंतिम रूप नहीं दिया है। 'इस भूमि पर म्हाडा द्वारा अधिकृत आठ संरचनाएं और करीब 30 अतिक्रमण हैं। म्हाडा की संरचनाएं एक मंजिला हैं और अतिक्रमण में मकान और दुकानें शामिल हैं। कोस्टल रोड परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण करते समय, भूमि पर रहने वाले लोगों के पुनर्वास पर पहले विचार किया जाना चाहिए। बीएमसी ने म्हाडा से खाली संरचनाओं को सौंपने के लिए कहा है। ताकि जल्द ही काम शुरू किया जा सके,' एक नागरिक अधिकारी ने कहा। 'हालांकि, म्हाडा के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि वे भूमि बीएमसी को सौंप देंगे और नागरिक निकाय अपनी नीति के अनुसार पुनर्वास पर निर्णय लेगा। बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि अगर बीएमसी को किरायेदारों के पुनर्वास और अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी लेनी है, तो यह एक उच्च स्तरीय नीतिगत निर्णय होगा। हालांकि, कोस्टल रोड परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जब तक परियोजना के लिए सभी आवश्यक मंजूरी नहीं मिल जाती, तब तक भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास पर निर्णय ले लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीएमसी अंधेरी में भी भूमि अधिग्रहण करेगी, जहां केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान स्थित है और कोस्टल रोड परियोजना के वर्सोवा से भयंदर खंड को सुविधाजनक बनाने के लिए बड़ी संख्या में मैंग्रोव को भी नष्ट करना होगा।



## महाराष्ट्र में ऑन ड्यूटी 427 पुलिस कर्मचारियों की मौत, CM फडणवीस ने ये किए बदलाव

### महाराष्ट्र की विधान परिषद में स्टेट पुलिस के मेंटल हेल्थ और ड्यूटी ऑवर्स का मुद्दा उठा है। विपक्ष ने सरकार के सामने कुछ आंकड़े पेश किये है। सीएम फडणवीस ने इसमें सुधार करने की बात की है।

मुंबईः महाराष्ट्र की विधान परिषद में स्टेट पुलिस के मेंटल हेल्थ और ड्यूटी ऑवर्स का मुद्दा उठा है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 से लेकर जून 2025 तक ऑन ड्यूटी 427 पुलिस कर्मचारियों की मृत्यु हुई है। जिसमें नेचुरल डेथ समेत सुसाइड और हार्ट अटैक जैसे सभी आंकड़े शामिल हैं, जिसमें से 25 पुलिस अधिकारियों ने आत्महत्या की उसके कई कारण हैं। इन आंकड़े पर सीएम फडणवीस ने जवाब दिया है।

**अलग-अलग कारणों से हुई मौते**

उद्धव ठाकरे गुट के नेता सुनील शिंदे के सवाल पर महाराष्ट्र सरकार की ओर से जवाब दिया है। महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने सवालों पर जवाब देते हुए कहा, पुलिस वेलफेयर के लिए काम किया जा रहा है, यह सत्य है कि कई पुलिस कर्मचारियों की मौत ऑन ड्यूटी हुई है और उसके विभिन्न कारण है। उन्होंने कहा, 'उदाहरण के तौर पर हार्ट अटैक से 95 और कार्डियक अरेस्ट से 75 पुलिस कर्मचारियों की मृत्यु हुई और ऐसे कई कारण हैं। कैंसर से भी 6 की मौत हुई है। जिन 25 पुलिस अधिकारियों ने आत्महत्या की उसके भी अलग-अलग कारण हैं। इनमें पारिवारिक कारण, 3 की शराब के लत के कारण, डिप्रेशन के चलते 1 और ऐसे कुछ और कारण शामिल हैं।

**कई एंगल पर हो रहे काम**

योगेश कदम ने आगे कहा कि पुलिस वेलफेयर और उनके परिवार के लिए काम करते हुए हम कई एंगल पर काम कर रहे हैं। हेल्थ कैंप लगाए गए हैं। पुलिस को वहां कैशलेस, हेल्थ चेकअप और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। महाराष्ट्र में अलग-अलग लगभग ढाई सौ से अधिक अस्पतालों के साथ टाइप किया गया है, जो गृह विभाग के अंतर्गत है। यह योजना उनके परिवार के लिए भी है। कैंसर के लिए हमनें टाटा अस्पताल से भी टाइप किया हैओ। कई पुलिस स्टेशन ऐसे हैं, जहां इंटरनल जिम की व्यवस्था की गई है, पुलिस भर्ती का भी काम चल रहा है।

विरोधी पक्ष के नेता अंबादास दानवे ने इसी मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछा कि ड्यूटी का समय 8 घंटे का होना चाहिए, लेकिन उसके बावजूद अधिकारियों को 12 घंटे तक काम करना पड़ रहा है। पुलिस के पास रहने के लिए मुंबई में घर नहीं है, उन्हें लंबी दूरी तय करके ड्यूटी पर आना पड़ता है। म्ह्ह की ड्यूटी और सिक्योरिटी में इतने पुलिस कर्मचारियों को लगाया गया है उसकी बेसिक जरूरतें पूरी नहीं हो रही, डिजी लोन और उनके घर का क्या?



CM फडणवीस ने दिया जवाब

इन सवालों पर जवाब देते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण विषय है। सबसे पहले तो हमने मुंबई में पुलिस कर्मचारियों के लिए 8 घंटे की ड्यूटी का कॉन्सेप्ट लाया। कई बार मुंबई में ऐसी परिस्थितियां आती हैं, जब त्योहार और अन्य मौकों पर समय बढ़ जाता है, लेकिन 8 घंटे की ड्यूटी का कॉन्सेप्ट ठीक तरीके से काम कर रहा है।

सीएम ने हम समय-समय पर पुलिस कर्मचारियों को हफ्ते में छुट्टियां भी देते हैं और अगर किसी वजह से उन्हें छुट्टी नहीं मिलती तो ओवरटाइम का अच्छा भुगतान सरकार करती है। उन्होंने आगे कहा, यह सच है कि पुलिस कर्मचारियों को दूर से ट्रैवल करके आना पड़ता है लेकिन हम उनके लिए घर बनाने का काम कर रहे हैं। उसकी संख्याओं में भी बढ़ोतरी की जा रही है। पुलिस कर्मचारियों के लिए घर और लोन सुविधा सरकार मुहैया करा रही है।

# किसी को भी राजनीति के लिए महिलाओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने किया पुणे का दौरा

मुन्ना मुजावर

पुणे : बीड शहर में एक निजी श्रेणी के ड्राइवर ने दो छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की है। इस मामले को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक धनंजय मुंडे और विधायक संदीप क्षीरसागर के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस घटना का व्यापक असर राज्य विधान परिषद के सत्र में भी देखने को मिला। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुणे का दौरा किया था। उस समय उन्होंने पुणे शहर की महिलाओं की समस्याओं को जानने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में एक बैठक आयोजित की थी। बैठक के बाद जब विजया रहाटकर से बीड की घटना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्य महिला आयोग को बीड मामले की जांच करने को कहा है। साथ ही समाज में इस अव्यवस्था से महिलाएं अधिक परेशान हैं। इसलिए ऐसी अव्यवस्था को रोका जाना चाहिए और साथ ही महिलाओं का राजनीति के लिए इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, ऐसा उन्होंने राजनीतिक हलकों के कान भरते हुए कहा।



# डकैती के मामले में फरार आरोपी को पुणे क्राईम ब्रांच 6 ने किया गिरफ्तार

## पुलिस निरीक्षक वाहिद पठाण ने पकड़ा 8 महिने से फरार आरोपी को

दिनांक 22/10/2024 को जब प्रभात मार्शल डेक्कन थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त पर थे, तभी 6 अज्ञात व्यक्ति जिनके पास धारदार हथियार थे, ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तथा डकैती जैसी गंभीर वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। जब आरोपियों ने पुलिस अधिकारी प्रभात मार्शल के हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उस समय पुलिस अधिकारी ने आत्मरक्षा के लिए आरोपियों की ओर अपनी सरकारी पिस्तौल से दो राउंड फायर किए। उस समय दो आरोपी घायल हो गए। अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी भाग गए। इस संबंध में डेक्कन पो. सेंट गु. आर. नं. 171/2024, आईपीसी धारा 310(1), 121(1), 132 के साथ भारतीय शस्त्र अधिनियम 4(25) के साथ एम. पो. एक्ट 37(1)(3), 135 के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त अपराध में एक आरोपी को पहले क्राइम ब्रांच व डेक्कन थाना द्वारा गिरफ्तार किया गया था तथा अन्य पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।

अपराध की गंभीरता को देखते हुए जब क्राइम ब्रांच अपराध की समानांतर जांच कर रही थी, उसी दौरान 01/07/2025 को क्राइम ब्रांच यूनिट 6 के प्रभारी पुलिस निरीक्षक वाहिद पठान को गोपनीय सूचना मिली कि इस अपराध का मुख्य फरार आरोपी फिरोज खान शरीफ खान दुलहोत उर्फ मेवाती उम्र 34 साल निवासी जंजाला, पोस्ट अंबई, सिल्लोड, छत्रपति संभाजीनगर नासिक आने वाला है। उक्त खबर के अनुसार अपने वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति से एस.पी.ओ. राकेश कदम, पी.हवा सुहास तांबेकर, पुलिस अधिकारी ऋषिकेश ताकवणे और सचिन पवार को तुरंत नासिक भेजा गया। उक्त टीम ने स्थानीय भद्रकाली पुलिस स्टेशन की मदद से जाल बिछाकर बी.डी.भालेकर मैदान, कन्हेरेवाड़ी, भद्रकाली, नासिक से उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उक्त आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। उक्त आरोपी को उसके वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति से आगे की कार्रवाई के लिए डेक्कन पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।



उपरोक्त कार्य माननीय द्वारा किया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री. पंकज देशमुख, मा. पुलिस उपायुक्त (अपराध) श्री. निखिल पिंगले, माननीय. छठे पुलिस आयुक्त (अपराध) श्री राजेंद्र मुलिक अपराध शाखा, पो नि वाहिद पठान यूनिट 6, और अपराध शाखा, यूनिट 6, श्री राकेश कदम, श्री मदन कांबले, पो. हवा. बालासाहेब सत्ते, नितिन मुंडे, सारंग डेल, कनीफनाथ कारखेले, प्रशांत कपूरे, गिरीश नाणेकर, सुहास तांबेकर, एम. पोहवा नेहा तपकिर, पो. एक। ऋषीकेश तकावणे, पो. एक। सचिन पवार, ऋषिकेष व्यवहार, शेखर काटे, नितिन धाडगे, बालासाहेब तनपुरे, एमपीओ पानसरे, मांडले, नरवाडे।

# ससून में पार्किंग की रसीद 5 रुपये, ठेकेदार वसूल रहा 10 रुपये; आम आदमी लूटा जा रहा

मुन्ना मुजावर

**पुणे:** ससून अस्पताल के ठेकेदार के लिए पार्किंग स्थल बताया गया है कि अस्पताल के नाम पर मरीजों और परिजनों को लूटा जा रहा है। ठेकेदार द्वारा दी जाने वाली रसीद पर प्रति घंटे पार्किंग के रेट बहुत छोटे अक्षरों में छपे होते हैं। लेकिन इस रसीद को कोई न पढ़े, इसके लिए ठेकेदार के ठेका कर्मचारी जानबूझकर पार्किंग रेट की जानकारी पर तारीख अंकित कर देते हैं। साथ ही दो घंटे के लिए 5 रुपए की जगह 10 रुपए वसूलते हैं। यहां हर दिन मरीजों और परिजनों की डेढ़ से दो हजार गाड़ियां पार्क होती हैं और इन सभी से जहां दोगुना किराया वसूला जा रहा है, वहीं अस्पताल प्रशासन जानबूझकर इस ओर आंखें मूंदे बैठा हैपार्किंग रसीद पर ठेकेदार का नाम शक्ति कंस्ट्रक्शन लिखा है, लेकिन ऑनलाइन भुगतान करने पर रूशाब इंटरप्राइजेज नाम प्रकाश में आता है। पहले एक से दो घंटे के लिए पांच रुपये का शुल्क लगता है। दो घंटे बाद 12 घंटे तक 10 रुपये और 12 घंटे बाद 24 घंटे तक 15 रुपये का शुल्क लगता है। समय बीत जाने के बाद वाहन पार्क करने वाले को रसीद दे दी जाती है। वाहन पार्क करने वाला व्यक्ति जब आधे घंटे या एक घंटे में लौटता है तो उसे शेष पांच रुपये दे दिए जाते हैं। कई बार वाहन पार्क करते समय रसीद देने वाला व्यक्ति वाहन पार्किंग से बाहर निकाले जाने के समय मौजूद नहीं होता। ऐसे में मौजूद व्यक्ति रसीद दिखाकर शेष पैसे मांगता है तो वे नाराज हो जाते हैं और पैसे वापस नहीं किए जाते। 'लोकमत' से बातचीत में नागरिकों ने बताया कि इससे कई बार विवाद की स्थिति बन जाती है। निजी अस्पतालों का खर्च वहन न कर पाने के कारण आम मरीज बड़ी संख्या में ससून आते हैं। लेकिन यहां ठेकेदार द्वारा मरीजों और उनके परिजनों को लूटा जाता है। अस्पताल की ओपीडी में जांच के लिए आने वाले मरीज एक से डेढ़ घंटे तक इंतजार करते हैं। मरीजों के साथ रहने वाले और उनसे मिलने आने वाले परिजनों को भी आधे घंटे से ज्यादा इंतजार नहीं करने दिया जाता है। कई बार मरीजों के लिए घर से लंच बॉक्स लाने वालों को भी दिन में दो से तीन बार अस्पताल आने को मजबूर होना पड़ता है। हर बार परिजनों और ठेकेदार के कर्मचारियों के बीच पार्किंग को लेकर विवाद होता है। इसके साथ ही ठेकेदार ससून अस्पताल के आसपास की इमारतों, परिसर की तरफ और सड़कों पर जहां भी संभव हो वहां वाहन पार्क करने को कहकर पैसे वसूल रहा है। इससे पहले भी यहां पार्किंग का मुद्दा विवादों में रहा है।




# निजी कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत महिला को साइबर चोरों ने ठगा; निवेश पर 600 प्रतिशत रिटर्न का लालच दिया

मुन्ना मुजावर

**पुणे:** साइबर चोरों द्वारा एक निजी कंपनी में उच्च पदस्थ महिला से निवेश के नाम पर 18 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में साइबर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 51 वर्षीय महिला ने इस संबंध में साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता खराड़ी में एक निजी कंपनी में उच्च पदस्थ अधिकारी है। वह अपने परिवार के साथ खराड़ी इलाके में रहती है। 8 मई को साइबर चोरों ने उसके मोबाइल नंबर पर एक मैसेज भेजा था। मैसेज में महिला का नाम मार्गा फिलिप था। उसने खुद को यूरोप की एक कंपनी में निवेश सलाहकार बताया था। उसने निवेश करने पर 600 प्रतिशत रिटर्न मिलने का वादा करके शिकायतकर्ता महिला को जाल में फंसाया। इसके बाद उसने महिला को एक सोशल मीडिया ग्रुप में शामिल कर लिया। इस ग्रुप में निवेश योजनाओं की जानकारी थी। महिला को एक लिंक भेजा गया। महिला ने लिंक में दी गई जानकारी भर दी। शुरुआत में महिला ने 11,000 रुपए ऑनलाइन जमा कर दिए। मैसेज भेजा गया कि इस निवेश पर उसे रिटर्न मिला है। रिफंड मिलने के बाद महिला को विश्वास हो गया। उसने और पैसे निवेश किए। 13 जून तक महिला ने समय-समय पर चोरों के बैंक खाते में 18 लाख रुपये जमा किए। महिला ने रिफंड की रकम चेक की। तब पता चला कि 2 करोड़ 21 लाख रुपये रिफंड हो चुके हैं। महिला ने मैसेज भेजकर रिफंड के तौर पर मिली रकम खाते में जमा करने को कहा। लेकिन, उसे कोई जवाब नहीं मिला। उससे कहा गया कि अगर उसे रिफंड की रकम चाहिए तो उसे 33 लाख रुपये और जमा करने होंगे। ठगी का अहसास होने पर महिला साइबर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# पुणे में करेंसी एक्सचेंज में डकैती; डॉलर, थाई बाट, दिरहम समेत लाखों की विदेशी मुद्रा चोरी

मुन्ना मुजावर

**शहर में एक बार फिर बड़ी चोरी की घटना हुई है। बालेवाड़ी स्थित करेंसी एक्सचेंज की दुकान सनराइज 4 यू फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड का शटर आधी रात को अज्ञात चोर ने तोड़कर करीब 25 लाख रुपए चोरी कर लिए।**



**घटना 2 जुलाई को आज सुबह करीब 3 बजे की है। चोर दुकान का लोहे का शटर तोड़कर अंदर घुसा। फिर उसने दुकान में लगे लॉकर को तोड़कर 2,57,420 रुपए नकद और डॉलर, थाई बाट और दिरहम जैसी विभिन्न मुद्राएं चुरा लीं, जिनकी कीमत करीब 20 से 22 लाख रुपए है। इस मामले में रोहित दिलीप मालुसरे (उम्र 40, निवासी सोमवार पेठ, पुणे, पेशा मुद्रा विनिमय ऑपरेटर) ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि दुकान में लगे लॉकर को तोड़कर चोर दुकान में घुस गया। : एस्पासिओ, यशोदा चौक, बालेवाड़ी में स्थित इस एक्सचेंज सेंटर का मालिक है। इस बीच घटना की सूचना मिलते ही बाणेर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकान परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है तथा चोर की तलाश शुरू कर दी है। इस घटना से बालेवाड़ी क्षेत्र में दहशत का माहौल है तथा व्यापारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है।**

# व्हाट्सएप नंबर के जरिए संपर्क कर एक करोड़ रुपये की ठगी, पांच संदिग्ध गिरफ्तार

मुन्ना मुजावर

**पिंपरी:** अली एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म के नाम पर 1.11 करोड़ रुपए की साइबर ठगी की गई। साइबर पुलिस ने गिरोह का पर्दाफाश कर 24 घंटे के भीतर पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता से व्हाट्सएप नंबर के जरिए संपर्क किया गया और 'अली एक्सप्रेस' प्लेटफॉर्म पर निवेश पर 10-15 प्रतिशत लाभ का वादा किया गया। शुरुआत में उन्हें गलत जानकारी दिखाकर अलग-अलग खातों में कुल 1 करोड़ 11 लाख रुपये जमा करने के लिए मजबूर किया गया। हालांकि, रकम निकालते समय यह कहकर पैसे रोक दिए गए कि उन्हें टैक्स देना होगा। पुलिस इंस्पेक्टर रविकिरण नाले, असिस्टेंट इंस्पेक्टर प्रवीण स्वामी, सब-इंस्पेक्टर सागर पोमन, प्रकाश कटकड़े की टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर शरद दिलीप सराफ (48, निवासी हडपसर, पुणे) को नागपुर से गिरफ्तार किया। उसके कबूलनामे के आधार पर सूरज सैकर (28) और संकेत न्हावाले (24) को क्रमशः नागपुर और पुणे से गिरफ्तार किया गया। : आगे की जांच में पता चला कि नागेश गंगे (28) और योगीराज जाधव (29) ने बैंक खातों के माध्यम से धोखाधड़ी के पैसे को नकद में भी निकाला था और इसे यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी में बदल दिया था। इसके बाद क्रिप्टो राशि को विभिन्न प्लेटफार्मों पर बेचा गया और भारतीय मुद्रा में बदल दिया गया। साइबर पुलिस इस संबंध में आगे की जांच कर रही है।

JANSEVA SOCIAL FOUNDATION
Non Goverment Organization
Reg. No. F-75914



NITI AYOG 12A,80G & CSR Registered
DONATE FOR POOR AND UNDERPRIVILEGED
Contact us 9930026943
SBI BANK
JANSEVA SOCIAL FOUNDATION
Account No.:39171751769
IFS Code : SBIN0012959
www.jansevasocialfoundation.com
701/ C Wing crystal Plaza opposite infinity mall Andheri West

# विधायक सुनील शेलके ने सरकार की हजारों करोड़ की रॉयल्टी लूटी', ठाकरे गुट का आरोप; कहा, 'फडणवीस को दिए सबूत'

मुन्ना मुजावर

शिवसेना (ठाकरे) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र भेजा है। इस पत्र के जरिए उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) के विधायक सुनील शेलके पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राउत ने फडणवीस से मांग की है कि वे विधायक सुनील शेलके के खिलाफ कार्रवाई करें और महाराष्ट्र की लूट को रोकें। राउत ने सुनील शेलके पर खनन क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपये की रॉयल्टी का गबन कर सरकार को चूना लगाने का आरोप लगाया है। इन आरोपों पर सुनील शेलके ने कहा, 'अगर संजय राउत इस संबंध में सबूत पेश करते हैं, तो मैं इस पर सफाई दूंगा।' संजय राउत ने कहा, 'यह बहुत गंभीर मामला है। सरकार को समर्थन देने वाली पार्टियां, उन पार्टियों के विधायक और सांसद महाराष्ट्र को लूट रहे हैं और फडणवीस इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मावल के विधायक सुनील शेलके ने हजारों करोड़ रुपए की रॉयल्टी लूटी है। एमआईडीसी की जमीन पर अवैध रूप से खनन उद्योग शुरू करके उन्होंने सरकार की हजारों करोड़ रुपए की रॉयल्टी डुबो दी है। मैंने इस बारे में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को विस्तृत जानकारी भेजी है। इसके साथ मैंने सबूत भी संलग्न किए हैं। अब तक मैंने देवेंद्र फडणवीस को उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और विधायकों के भ्रष्टाचार के 21 मामले सबूतों के साथ भेजे हैं। हालांकि, फडणवीस ने आज तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है या यह भी नहीं कहा है कि वे इसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने उन पत्रों पर ध्यान भी नहीं दिया है।'



**..तब तक मैं खुलासा नहीं करूंगा: सुनील शेलके**

विधायक सुनील शेलके ने भी राउत के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'संजय राउत ने बिना किसी सबूत के मेरे खिलाफ आरोप लगाए हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर आपके पास कोई जानकारी है, कोई सबूत है या मुझे इस संबंध में कोई सरकारी नोटिस मिला है, अगर मेरी जांच चल रही है, तो सबूत पेश करें। जब तक वे सबूत पेश नहीं करते, मैं कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। मैं कुछ भी खुलासा नहीं करूंगा।' दूसरी ओर, विपक्षी विधायक रोहित पवार और जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि संजय राउत के आरोपों में सच्चाई हो सकती है। इस बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधान परिषद सदस्य अमोल मिटकरी ने प्रतिक्रिया दी है कि आरोप लगाना संजय राउत का सामान्य काम है।

# ग्रामीण पुलिस ने आरोपियों के स्केच जारी किए

मुन्ना मुजावर

पुणे के पास दौंड इलाके में दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुणे ग्रामीण पुलिस की दस अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। पुणे ग्रामीण क्षेत्र में सराय मालिकों और संदिग्ध अपराधियों से गहन पूछताछ चल रही है। इसके लिए ग्रामीण पुलिस ने दोनों आरोपियों के स्केच तैयार किए हैं। और उसके आधार पर जांच चल रही है। आज वारकरी डकैती और आगजनी मामले में आरोपियों का स्केच पुणे ग्रामीण पुलिस ने जारी किया है। इस मामले में अधिक जानकारी यह है कि सोमवार आधी रात को वारकरियों का एक टेम्पो पंढरपुर की ओर निकला था। सुबह करीब साढ़े चार बजे वे दौंड के पास स्वामी चिंचोली इलाके में चाय पीने के लिए रुके थे। इसी दौरान बाइक सवार दो लोगों ने इन वारकरियों की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया जुलूस में शामिल महिलाओं के गले से सोने के गहने उतार लिए गए। इतना ही नहीं, जुलूस में शामिल एक नाबालिग युवक को चाय की दुकान के पीछे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद से आरोपी फरार हैं। पंढरपुर में जुलूस के दौरान हुई इस घटना से हड़कंप मच गया है।



यह दैनिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4- ग्राऊंड फ्लोर, एन के. इंडस्ट्रियल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, नीयर प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, गेट नं. 2, गोरेगांव पूर्व, मुंबई 400 063 से छपवाकर, रूम नं. ३६१, जाकिर अली चॉल, स्कॉटर कॉलोनी, जोगेश्वरी (पूर्व),मुंबई ४०० ०६० से प्रकाशित. संपादक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख मो.: ९९३००२६९४२ / ९९३००२६९४३
कार्यकारी संपादक - विक्रम सेन email -fightagainstcriminal2016@gmail.com RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 सभी पद अवैतनिक है, (विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा)